कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009
OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27817275

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

सं. प्रशा/।/1005/स्वैच्छिक कर्मचारी- पोर्ट ब्लेयर/2023

दिनांक: 28.02.2023

सेवा में,

(वेबसाइट के माध्यम से परिपत्र)

1. प्रभारी संयुक्त नियंत्रक, वे.ले.का.(अ.श्रे), ई.एम.ई., सिकंदराबाद
2. प्रभारी उप-नियंत्रक, क्षे.ले.का. (थलसेना), विशाखापट्टणम्
3. प्रभारी उप-नियंत्रक, वे.ले.का. (अ.श्रे) सेना आयुध कोर, सिकंदराबाद
4. मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग
5. सिकंदराबाद/हैदराबाद/यदुमैलारम/सूर्यलंका/बापट्ला/तिरुपति स्थित सभी उप-कार्यालय

विषय: स्थानांतरण - स्थापना - र.ले.वि. : पोर्ट ब्लेयर को स्वैच्छिक कर्मचारी ।

*****

मुख्यालय कार्यालय के दिनांक 27.02.2023 के पत्रांक AN/X/10092/6/2023/PB **(जिसे मुख्यालय कार्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है)** के माध्यम से व.ले.प./लेखापरीक्षकों/लिपिकों में से पोर्ट ब्लेयर में तैनाती के लिए स्वैच्छिक कर्मचारियों के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं । सेवारत स्टेशन में कर्मचारियों द्वारा न्यूनतम दो वर्षों की सेवा पूरी की गई होनी चाहिए जबकि नए भर्ती कर्मचारियों द्वारा अपने आरंभिक तैनाती के स्टेशन में तीन वर्षों की सेवा पूरी की होनी चाहिए ।

संलग्न अनुलग्नक 'ए-1' के अनुसार स्वैच्छिक कर्मचारियों के संपूर्ण सेवा-विवरण तथा अन्य विवरण भरकर भेजे जाएँ । कर्मचारियों को सूचित किया जाए कि केवल उन कर्मचारियों को पोर्ट ब्लेयर में तैनाती के लिए उद्दिष्ट किया जाएगा जिनकी चयन के समय कम से कम दो वर्षों की सेवा शेष हो और निर्धारित कार्यकाल के बाद उन्हें उनके तीन चयनित स्टेशनों में से किसी एक स्टेशन को प्रत्यावर्तित कर दिया जाएगा ।

यदि कर्मचारी ने स्वैच्छिक कर्मचारी सूची में किसी और स्टेशन को भी स्थानांतरण के लिए आवेदन किया हो तो अभी भेजी जा रही सूची में उनके नाम के सामने इस संबंध में पृष्ठांकन किया जाए ।

केवल अनिवार्य चिकित्सा/वैयक्तिक कारणों के अलावा अन्य किसी भी परिस्थिति में स्वैच्छिक कर्मचारियों की सूची की वैधता की अवधि के दौरान एक बार पोर्ट ब्लेयर में तैनाती के लिए आवेदन देने वाले कर्मचारियों को अपना नाम आहरित करने की अनुमति कदापि नहीं दी जाएगी ।

अनुलग्नक 'ए-1' का सख्ती से पालन करते हुए स्वैच्छिक कर्मचारियों के मूल आवेदन (दो प्रतियाँ) इस कार्यालय में अनिवार्य रूप से दिनांक 02.03.2023 तक प्राप्त हो जाने चाहिए ताकि उन्हें मुख्यालय कार्यालय भेजा जा सके ।

शून्य रिपोर्ट भी अनिवार्य है।

हस्ता/-
(एस. वत्सला)
रक्षा लेखा उप-नियंत्रक (प्रशा)

संलग्न: उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि:
आई.टी. अनुभाग (स्थानीय) : वेबसाइट में अपलोड करने हेतु

(के.रामकृष्णा)
लेखा अधिकारी (प्रशा)